दिन– शनिवार दिनांक– 27 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग की टीम चार अक्टूबर को दो दिनों के दौरे पर पटना पहुंचेगी। विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर करेगी समीक्षा बैठक।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लगाया आरोप – राजद ने बिहार और कांग्रेस ने देश को लूटा।

03. नवनिर्वाचित उप राष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन राज्य के एक दिवसीय दौरे पर कल पटना पहुंचेंगे। उन्मेष महोत्सव के समापन समारोह में होंगे शामिल।

04. और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के एक सौ छब्बीसवीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।

---

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग की टीम चार अक्टूबर को दो दिनों के दौरे पर पटना पहुंचेगी। आयोग की टीम विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेगी। टीम के सदस्य इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी विचार विमर्श करेगी। इससे पहले, तीन अक्टूबर को नई दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए नियुक्त सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षकों के साथ बैठक करेंगे।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि बिहार में एनडीए की फिर सरकार बनेगी। श्री शाह ने अररिया के फारबिसगंज हवाई अड्डा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लालू एंड कंपनी का घोटाला राज अब कभी वापस नहीं आने वाला। श्री शाह ने कहा कि एनडीए ने विकास वाली सरकार दी है।

–––बाइट–––

केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कांग्रेस की वोटर अधिकार यात्रा को जनतंत्र मिटाओ यात्रा का नाम दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी लोगों के मताधिकार की सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि घुसपैठियों को बचाने के लिए चिंतित हैं।

———बाइट———

श्री शाह ने आज समस्तीपुर जिले के सरायरंजन स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव में जीत का मंत्र भी दिया।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि दो हजार चौदह में जब हमें सेवा का अवसर मिला, तो हमने देश को कांग्रेस के लूटतंत्र से मुक्त किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ओडिशा के झारसुगुड़ा में आयोजित समारोह के दौरान वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पटना समेत आठ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के विस्तार की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि अब भाजपा सरकार में दोगुनी बचत और दोगुनी कमाई का दौर आ गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज कारोबारियों और कर्मचारियों को बारह लाख रुपये तक की वार्षिक कमाई पर एक रुपया भी टैक्स नहीं देना पड़ता है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार गरीबों की सेवा और उन्हें सशक्त बनाने वाली सरकार है। श्री मोदी ने कहा कि आज देश नये संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

———बाइट———

———————————————————————————

भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा है कि बिहार में कोई भी विपक्षी गठबंधन एनडीए के सामने चुनौती नहीं हो सकता। श्री पाल ने नई दिल्ली पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार राज्य में महिलाओं समेत सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ओवैसी हो या तेजस्वी किसी को भी जनता मौका नहीं देने वाली।

———बाइट———

———————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने कहा है कि चुनाव के बाद जदयू का कोई भविष्य नहीं है। उन्होंने कहा कि बड़ी उम्र के कारण नीतीश कुमार बिहार चलाने के योग्य नहीं रह गए। श्री यादव ने पटना के वेटनरी कॉलेज परिसर में कर्पूरी

अतिपिछड़ा अधिकार संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार को तेज रफ्तार से तेजी के साथ विकास करना है।

---बाइट---

---

असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी, एआईएमआईएम ने राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपने दूसरे उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। पूर्णिया के बायसी से पार्टी ने गुलाम सरवर को पार्टी उम्मीदवार बनाने का निर्णय किया है। गौरतलब है कि दो हजार बीस के चुनाव में एआईएमआईएम के रूकनुद्दीन अहमद ने बायसी सीट से जीत दर्ज की थी। बाद में वे राजद में शामिल हो गए थे। पार्टी ने पूर्वी चंपारण के ढाका सीट से राणा रणजीत सिंह को पहले ही उम्मीदवार घोषित कर दिया था।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ छब्बीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

नवनिर्वाचित उप राष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन राज्य के एक दिवसीय दौरे पर कल पटना पहुंचेंगे। श्री राधाकृष्णन पटना में आयोजित उन्मेष महोत्सव के समापन समारोह में शामिल होंगे। उप राष्ट्रपति इसके बाद मुजफ्फरपुर के कटरा स्थित माँ चामुंडा मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

---

केंद्रीय शिक्षा मंत्री और बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि आईआईटी पटना के विस्तार से नई शिक्षा नीति दो हजार बीस को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी। श्री प्रधान पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

———बाइट———

———————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कटिहार के समेली प्रखंड स्थित धर्मपुर गाँधी उच्च विद्यालय मैदान मे पांच सौ तिरासी करोड़ रुपये की लागत वाली दो सौ बयालीस योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। श्री कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और इंफ्रास्ट्रक्चर में बिहार में बेहतर काम हुआ है। उन्होंने कहा कि अबकी बार सरकार बनेगी तो पांच वर्ष में एक करोड़ लोगो को नौकरी और रोजगार दिया जाएगा। इधर, मुख्यमंत्री ने मधुबनी के सिरसिया–परसाही स्थित पावरग्रीड मैदान में आयोजित कार्यक्रम में आठ हजार तीन सौ अट्ठाईस करोड़ बेरासी लाख रुपये की लागत वाली पच्चीस योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

———————————————————————————————

केंद्रीय शिक्षा मंत्री और बिहार भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने आज पटना के दीघा विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। श्री प्रधान ने घर–घर जाकर लोगों से स्वदेशी अपनाने और इसे बढ़ावा देने का आग्रह किया है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक संजीव चौरसिया समेत पार्टी के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

———————————————————————————————

शारदीय नवरात्र के छठें दिन आज देवी दुर्गा के पांचवे स्वरूप स्कंदमाता की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है।

———म्यूजिक———

मान्यता है कि स्कंदमाता अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं को पूरा करती है। इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि सुबह से ही राजधानी पटना सहित प्रदेशभर में मंदिरों और शक्तिपीठों में पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पूरा वातावरण माँ दुर्गा के मंत्रोच्चार से गुंजायमान है। दुर्गा पूजा को लेकर पूरे प्रदेश में

महौल भक्तिमय हो गया है। प्रतिमाओं और पूजा पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

———म्यूजिक———

———————————————————————————

रांची में संपन्न पूर्वी क्षेत्र राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सहरसा के विशाल गुप्ता ने स्वर्ण और सोनू कुमार ने कांस्य पदक जीता है। विशाल गुप्ता ने अंडर एट्टीन मिडले रिले दौड़ में स्वर्ण और इसी वर्ग के चार सौ मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। जबकि सोनू कुमार ने अंडर सिक्सटीन वर्ग के मिडले रिले दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा–एसटीईटी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि सत्ताईस सितम्बर से बढ़ाकर पांच अक्टूबर कर दी है। बोर्ड की विज्ञप्ति के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से पांच अक्टूबर तक परीक्षा शुल्क जमा कर सकते हैं।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग की टीम चार अक्टूबर को दो दिनों के दौरे पर पटना पहुंचेगी। विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर करेगी समीक्षा बैठक।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लगाया आरोप – राजद ने बिहार और कांग्रेस ने देश को लूटा।

03. नवनिर्वाचित उप राष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन राज्य के एक दिवसीय दौरे पर कल पटना पहुंचेंगे। उन्मेष महोत्सव के समापन समारोह में होंगे शामिल।

04. और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के एक सौ छब्बीसवीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।